## खबर संक्षेप

### नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक 20 को

**मण्डला।** मतगणना कार्य को निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु तथा विभिन्न कार्य हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। 20 मई 2024 को टीएल बैठक के पश्चात जिला योजना भवन में मतगणना कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। अधिकारियों से तैयारी सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपथित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### क्रिकेट समर कैंप पहुंचे कोतवाल खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित, बाटे फल और मिठाई

**मण्डला।** डिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनांक 10 मई से दस दिवसीय क्रिकेट कैंप स्थानीय महात्मा गांधी मैदान स्टेडियम में प्रारंब हुआ। आयोजित ग्रीष्मकालीन कैंप में जिले से एवम अन्य जिले के 75 बालक तथा 10 बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे है।वरिष्ठ खिलाड़ी अजय मिश्रा एवम निशांत झा ने बताया कि दस दिवसीय क्रिकेट कैंप में सभी आयु वर्ग के बालक/बालिका खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। शिविर को इंद्रदेव स्वामी रीवा, सुश्री शांति सिंह सीधी, शुचि उपाध्याय ,बसंत ठाकुर सहित अनुभवी खिलाड़ी संचालित कर रहे हैं। बीते दिवस महात्मा गांधी मैदान जारी शिविर में नगर निरीक्षक सफीक खान ने पहुंचकरअवसर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी। कोतवाल ने खिलाड़ियों को इस अवसर पर फल वितरित किए एवं आयोजन की सराहना की है। कोच बसंत ठाकुर ने बताया कि इस कैंप में जिले के पचहत्तर और अन्य जिले के 10 बालक बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। हमारा प्रयास है कि जिले की प्रतिभा इन शिविरों के माध्यम से निखर कर सामने आए।

### डेंगू बीमारी से बचाव हेतु जानकारी

**मण्डला।** 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। मानसून सीजन में बीमारियों के फैलने के ज्यादा अवसर होते हैं। जून से इसका प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ता जाता है जो वर्ष के अंत से कम होने लगता है। डेंगू बुखार, डेंगू नामक वायरस के कारण होता है जिसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द; त्वचा पर चेचक जैसे लाल चकत्ते तथा मांसपेशियों हड्डियों एवं आंख के पीछे दर्द शामिल है, इनमें से किसी भी लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करना चाहिए। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, यह मच्छर काले रंग के साथ शरीर पर सफेद धारी लिए होने से आसानी से पहचाना जा सकता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है, जब एक स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित एडीज मच्छर काटता है तो डेंगू होने की संभावना रहती है।

## कोदो-कुटकी उत्पादन में लगता कम पानी और होता अधिक लाभ

# उत्पादन बढ़ाने नवीन तकनीक का करें उपयोग-डॉ. सिडाना

*** कलेक्टर ने किया नैनपुर क्षेत्र का भ्रमण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को मंडला तथा नैनपुर क्षेत्र के अनेक ग्रामों का भ्रमण करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम कुटैली में संचालित कोदो-कुटकी प्रोसेसिंग यूनिट, पाठासिहोरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिचौली में नलजल योजना, जामगांव में नर्सरी एवं उपार्जन केन्द्र तथा चिरईडोंगरी में सीएम राईज स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया।

इस दौरान एसडीएम नैनपुर सोनल सिडाम, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, उप संचालक कृषि मधुअली, ईईपीएचई मनोज भास्कर तथा जनपद पंचायत नैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करें

ग्राम कुटैली में संचालित कोदो-कुटकी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने उत्पादन तथा संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोदो-कुटकी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को फील्ड में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करें। उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को नवीन तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें बताएं कि कोदो-कुटकी अन्य फसलों की अपेक्षा पानी की जरूरत कम पड़ती है, साथ ही आर्थिक रूप से अधिक लाभ प्रदान करती है। कलेक्टर ने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए मार्केटिंग तथा ब्रांडिंग के संबंध में विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### गर्भवती महिलाओं के पंजीयन हेतु प्रत्येक घर का सर्वे करें

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाठासिहोरा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक घर का सर्वे करें। गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी अनमोल पोर्टल पर एंट्री करें तथा टीकाकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रत्येक गर्भवती महिला की एनीमिया सिकलसेल आदि की जांच करें। डॉ. सिडाना ने पिछले माहों में हुए प्रसव की जानकारी लेते हुए जच्चा-बच्चा का फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ तथा बीएमओ स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करें।

### 15 दिनों में पूरा करें नलजल योजना का सुधार कार्य

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने ग्राम चिचौली में नलजल योजना के तहत किए जा रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्य की गति बढ़ाते हुए अगले 15 दिवस में कार्य को पूर्ण करें। जो भी पाईप खराब हैं उन्हें बदलें। हर घर तक कनेक्शन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामीणों से नलजल योजना के बेहतर संचालन के लिए सहयोग करने तथा समय पर जलकर की राशि अदा करने की समझाईश दी।

### जामगांव में नर्सरी तथा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

जामगांव नर्सरी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नर्सरी में उन्नत किस्म के फलदार पौधे तैयार करें तथा किसानों को खेतों के मेढ सहित अन्य स्थानों में फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण में भी फलदार वृक्षों को प्राथमिकता प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि नर्सरी के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के समन्वय से नर्सरी को बेहतर बनाने का प्रयास करें। जामगांव में संचालित उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जित गेहूं की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीएम राईज स्कूल चिरईडोंगरी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री में मानकों का पालन करें। कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। एसडीएम तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी भी निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करें। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य से बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों के संबंध में जानकारी लेते हुए आगामी वर्षों में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





# केन्द्रीय विद्यालय में अव्वल रही मानवी द्विवेदी



CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
Secondary School Examination (Class X) 2024

Roll No: [illegible]
Candidate Name: MANVI DWIVEDI
Mother's Name: SNEHLATA DWIVEDI
Father's Name: BHEESAM DWIVEDI
Date of Birth: [illegible]
School's Name: PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA DINDORI ROAD MANDLA MP

| SUB CODE | SUB NAME | THEORY | IA / PRACTICAL | TOTAL | POSITIONAL GRADE |
|---|---|---|---|---|---|
| 184 | ENGLISH LNG & LIT | 068 | 020 | 088 | A2 |
| 002 | HINDI COURSE-A | 072 | 020 | 092 | A1 |
| 041 | MATHEMATICS STANDARD | 077 | 020 | 097 | A1 |
| 086 | SCIENCE | 077 | 020 | 097 | A1 |
| 087 | SOCIAL SCIENCE | 077 | 020 | 097 | A1 |
| ADDITIONAL SUBJECT | | | | | |
| 417 | ARTIFICIAL INTELLIGENCE | 048 | 050 | 098 | A1 |



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की कक्षा 10वीं में केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा कु. मानवी द्विवेदी ने सर्वाधिक अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि मानवी जिले में दूसरे नम्बर में सर्वाधिक अंकों के मामले में रही हैं मानवी द्विवेदी को हिन्दी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में ए-1 रैंक प्राप्त हुई इसके साथ ऑर्टिफिसियल इंटेलिजेंस में भी इन्होंने ए-1 रैंक प्राप्त की है।

मानवी द्विवेदी पढ़ाई के मामले में प्रारंभ से ही अव्वल रही है पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विधाओं में भी इन्होंने अपनी क्षमता प्रदर्शित की है अब 10वीं के बाद ये अपने मनपसंद विषय के साथ उच्चतर शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं। शांत सौम्य मानवी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी एवं गृहणी तथा समाजसेविका स्नेहलता द्विवेदी की एक मात्र पुत्री हैं।

मानवी की इस सफलता पर परिजनों के साथ-साथ सभी स्नेहीजनों ने इन्हें शुभकामनायें प्रेषित की हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ उन्हें बधाई भी प्रेषित की है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी का हुआ नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बुधवार को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी का मण्डला आगमन हुआ। यहां पर उनका संभागीय उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी ने पुष्पमाला से स्वागत करते हुए उन्हें जिला ईकाई के संबंध में जानकारी दी और उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों का परिचय कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मण्डला ईकाई प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ ईकाई मानी जाती है उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद लंबे समय से काम कर रहा है अनेक महत्वपूर्ण मांगे सरकार ने पूर्ण कर दी है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने भी पत्रकारों की एक लंबित मांग को पूरा कर दिया है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश दुबे, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, डॉ. मोहित साहू, रोहित बघेल, अनमोल अग्रवाल, दीपक रजक, उमाशंकर गुड्डु सिंधिया, जगत मरावी, श्रीमति उमा यादव, सीता परतेती, शीतल बैष्णव सहित अन्य पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित रहे। पत्रकारों से चर्चा उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष कान्हा नेशनल पार्क के लिए रवाना हुए जहां पर जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए कान्हा नेशनल पार्क की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**अवैध कारोबार** | सट्टा कारोबारियों को मिल रही छुटभैया नेताओं की शह।

# पुलिस के संरक्षण में गुलजार सट्टा कारोबार

*** आर्थिक कलह का कारण बन रहा सट्टा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




मण्डला जिले के अंतर्गत जबलपुर मण्डला नेशनल हाईवे पर स्थित टिकरिया थाना अंतर्गत अवैध कारोबार अपनी चरम सीमा पर है गांव कस्बों में जुआ सट्टा का कारोबार दिन ब दिन फल फूल रहा है परंतु पुलिस प्रशासन इन अवैध कारोबारियों पर लगाम लगाने में असफल साबित हो रहा है वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन चुट पुट कार्रवाई करके वाह वाही लूटने का काम करता है परंतु सख्त कार्रवाई करने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूटते नजर आते हैं।

### आखिर क्या है मजबूरी, जिला प्रशासन क्यों नहीं ले रहा एक्शन

जिले में बैठे आला अधिकारियों को इन अवैध कारोबार की सम्पूर्ण जानकारी रहती है परंतु इन आला अधिकारियो पर कुछ नेताओं का दबाव होने के कारण यह अधिकारी एक्शन लेने में संकोच करते हैं पुलिस प्रशासन जिन सट्टा पट्टी लिखने वाले असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करती है कुछ दिनों बाद वह पुनः अपने अवैध कारोबार को प्रशासन में बैठे कुछ अधिकारियों के सपोर्ट से शुरू कर देते हैं।

### सट्टा के अवैध खेल में फस कर लोग हो रहे बर्बाद, नाबालिग बच्चे लगा रहे दांव

सट्टा के अवैध खेल में फस कर बर्बाद हुए लोगों की गृहस्थी उजड़ गई है और जिनके ऊपर भारी कर्ज हो गया वह आत्महत्या करने को मजबूर हो गए हैं, ऐसे कई केस देखने को मिल रहे हैं, जहां इस अवैध सट्टा के खेल में फस कर स्कूली बच्चों से लेकर बूढ़े-जवान तक बर्बाद हो रहे हैं परंतु प्रशासन इन अवैध कारोबारी और दलालों पर कोई कार्यवाही नहीं करता है जिसके चलते अब यह दलाल खुलेआम सट्टा पट्टी गली मोहल्ले और चौराहा में बैठकर लिख रहे हैं और गांव तथा नगर का माहौल खराब कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जनकारी के अनुसार पता चला है कि सटोरियों के द्वारा अधिकारियों को मोटी रकम खिला कर अपना अवैध करोबार किया जा रहा है तभी इन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती चुटपुट कार्यवाही करके इनसे मोटी रकम वसूल के इन्हे फिर से अवैध काम करने की मंजूरी दे दी जाती है। आखिर नारायणगंज क्षेत्र में कब अवैध कामों पर पुलिस रोक लगा पायेगी यह इनकी कार्यप्रणाली लगता हुआ प्रश्न चिन्ह है।

## 300 रूपये के विवाद में हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि विगत दिवस माननीय अपर सत्र न्यायालय निवास ने 300 रूपये के विवाद पर गांव के ही व्यक्ति को लाठी से मारकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। थाना टिकरिया के अप०क० 131/2019 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 13/2020 के आरोपी रतिराम बरकड़े पिता सहदेव बरकड़े उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम चाटी, घाना टिकरिया जिला मण्डला द्वारा अपने ही गांव के व्यक्ति को सिर में लाठी से मारकर हत्या करने के मामले की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 15.05.2024 को निर्णय पारित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि दिनांक 19.11.2019 को सीएचसी नारायणगंज से प्राप्त सूचना की तस्दीक करने सीएचसी नारायणगंज पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि प्रार्थी संतोष उईके पिता मोतीलाल उईके उम्र 19 वर्ष ग्राम चाटी ने बताया कि गांव का रतिराम बरकड़े ने सर्ट की जेब से 300 रूपये निकालने की बात को लेकर जान से मारने की नियत से मोतीलाल उईके के सिर के उपर लकड़ी से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है। आहत मोतीलाल को सीएचसी नारायणगंज लाने पर उसे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना की रिपोर्ट थाना टिकरिया द्वारा धारा 302 भादंवि के तहत अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय अपर सत्र न्यायाधीश (श्री मनोज कुमार लढिया) तहसील निवास जिला मंडला द्वारा आरोपी रतिराम बरकड़े को दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती उज्ज्वला उईके द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से घायल

**गाडरवारा**। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस आनंद सोनी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से चांवडी गया हुआ था उसी दौरान चावडी एटीएम के पास स्कूटी क्रमांक MP 04 ZL 1378 चालक द्वारा अपनी स्कूटी को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार देने के कारण आंनद सोनी गंभीर रूप से घायल होने के चलते पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जीजा ने साली के ससुराल वालों के साथ की मारपीट

**गाडरवारा**। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खैरूआ निवासी एक 65 वर्ष की वृद्ध महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस प्रार्थिया के बेटे की बहू के मायके पक्ष के लोग उसके घर आये हुये थें। जब सभी लोग एकत्र होकर चर्चा कर रहे थें उसी दौरान बहू के जीजा परमानंद लोधी पिता बालाराम लोधी निवासी ग्राम रहमा द्वारा द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की तुम लोग मेरी साली को अच्छे से क्यो नही रखते हो और इसी बात को लेकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथ जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बहू के जीजा के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बगैर बुलाये पूजा में शामिल हुये युवक के साथ की मारपीट

**गाडरवारा**। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सहावन निवासी हरी प्रसाद पिता पुन्ना अहिरवार उम्र 48 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बाया है कि वह अपनी पत्नी व पुत्र सहित अन्य लोगों को लेकर अपने छोटे भाई भूरा अहिरवार के घर पूजा में गया हुआ था। उसी दौरान भूरा अहिरवार मुझसे बोला की हमने तुम लोगों को पूजा में नही बुलाया है तो फिर तुम लोग हमारे घर पूजा में क्यों आये। इसी बात को लेकर भूरा अहिरवार द्वारा अपने साथ अनिल अहिरवार व सेबू अहिरवार के साथ मिलकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### माँ व बेटे के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा**। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के शास्त्री वार्ड निवासी विवेक पिता भगवत सिंह राजपूत उम्र 32 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके चाचा अरविंद राजपूत द्वारा किसी बात को लेकर उसके साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इस तरह हो रही मारपीट के बीच जब प्रार्थी की माँ व बुंआ बीच बचाव करने के लिये आई तो आरोपी द्वारा उनके साथ भी मारपीट करते हुये जमीन पर पटक दिये जाने के कारण तीनों को चोटे आने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी अरविंद राजपूत के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### आई टी आई प्रशिक्षण अधिकारी की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

**गाडरवारा**। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर की शासकीय आई.टी.आई में प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने कार क्रमांक MP20ZD3697 से अपने परिवार के साथ कही जा रहे थें। उसी दौरान नगर के शासकीय कालेज के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक UP96T4895 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चालते हुये कार को टक्कर मार दी गई जिसके चलते जहां प्रार्थी की कार को क्षति पहुंची है। वही कार में सबार प्रार्थी सहित उसकी अर्चना धुर्वे को चोटै आने के कारण पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

---

**हरिभूमि द्वारा प्यासे मूक पशुओं को लेकर उठाई आवाज को प्रशासन ने किया नजरअंदाज तो समिति ने पहनाया अमली जामा**

# पशुओं के प्रति कौरव सेवा समिति की नगर में देखने मिल रही अनोखी पहल

**बेजुवानों को पानी पीने के लिये जहां तहां स्थापित की गई टंकियाँ..., युवाओं की इस पहल पर पशु प्रेमियों द्वारा की जा रही सराहना....**




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**। अक्सर देखा जाता है कि जब तेज तपन का दौर शुरू होता है तो लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। यदि कोई जरूरी कार्य से निकलता है तो अपने साथ ठंड पानी की बाटल लेकर चलता है जिससे प्यास लगने पर वह तुरंत अपने कंठ को ठंडक पहुंचा सके। वही दूसरी ओर समाजसेवियों द्वारा लोगों को ठंडे पानी की व्यवस्था को लेकर जहां तहां फ्रिज से लेकर प्याऊ खुलबाई जाती है। मगर नगर की सड़को पर घूमने वाले उन मूक पशुओं को शायद ही किसी को चिंता रहती हो...? क्योंकि यह मूक पशु न तो किसी से पानी मांग सकते है और न ही नल चलाकर पी सकते है उनके सामने मात्र एक ही विकल्प होता है कि वह चुपचाप नालियों में बहने वाले गंदे पानी से गर्मी के दिनों में अपने प्यास को बुझा लेते है। क्योंकि नगर की जीवन रेखा माने जाने वाले शक्कर नदी हर साल गर्मी आने के पहले ही अपने धाराओं को समेट लेती है। इस स्थिति में नगर में घूमने वाले पशुओं को पानी पीने का एक मात्र सहारा शक्कर नदी भी साथ छोड़ देने के कारण यह पशुओं शहर की सड़को पर प्यासे भटकते हुये देखे जाता है। यह बात अलग है कि जब किसी के घर के सामने कोई वर्तन पानी से भरा दिखाई पड़ता है तो यह मूक पशु उससे अपनी प्यास बुझाने की कोशिश करते है । मगर बदले में उन्हे दो तीन लाठियाँ खाना पड़ती है और लोगों को गालियों का तोहफा तो आम बात रहती है...? इस सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा बीते हुये कुछ सालों से लगातार नगर में भ्रमण करने वाले मूक पशुओं को शहर में जल सप्लाई होने वाले नलकूपों के पास टंकियों के निर्माण की मांग उठाई जाती रही है। मगर आज तक इस ओर किसी के द्वारा कोई ध्यान देना तक उचित नही समझा गया है जिसके चलते बेचारे मूक पशु इस समय पड़ रही गर्मी के दौरान में सड़को पर प्यासे कंठ भटकते हुये देखे जा रहे है। इस तरह नगर के प्रमुख स्थानों पर मूक पशुओं के लिये पानी पीने के लिये टंकियों को निर्माण को लेकर बीते हुये 13 अप्रैल के अंक में इस वर्ष प्रमुखता से छापते हुये नगर पालिका प्रशासन को एक बार फिर ध्यान आकर्षित कराने के प्रयास किया गया था। मगर इसके बाद भी शायद प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा इन पशुओं के प्यासे कंठो की सच्चाई को गंभीरता से नही लिया गया होगा जिसका परिणाम रहा है कि नगर में जहां तहां यह मूक पशु प्यास से ब्याकुल होते हुये गंदी नालियों का सहारा लेने के लिये मजबूर हो रहे है। इस तरह नालियों में अपने प्यास बुझाने के दौरान अनेको बार देखा जाता है कि छोटे बछडे नालियों के गहरे होने के कारण गिरकर घायल होने से नही चूक पाते है। इस प्रकार से हरिभूमि द्वारा बीते हुये कुछ वर्षो से गर्मी आने के पहले हर वर्ष लगातार इन बेजुबान पशुओं की जुबान बनकर उठाई जाने वाली इस मांग को समाज सेवा में अग्रसर रहने वाली कौरव सेवा समिति द्वारा गंभीरता से लेते हुये। नगर में अलग अलग दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर खुद के खर्च से छोटी छोटी पानी की टंकियों को खरीदकर स्थापित करने के साथ उनमें पानी भरने के लिये अलग अलग युवाओं को तैनात किया गया है। इस तरह मूक पशुओं के प्यासे कंठों को ठंडक पहुंचाने के लिये कौरव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा छेड़ी गई इस मुहिम में मुख्य रूप से राजेश पटैल, राघवेन्द्र कौरव रहली, ब्रजेश कौरव भमका, संजय कौरव, प्रदीप कौरव व रजनीश कौरव रेवाश्री, ब्रजेश कौरव एलआईसी, अंकुर कौरव, हरिगोविंद जहुआ, इंजी संजय कौरव, नीरज कौरव, अधिवक्ता राकेश कौरव, निशांत कौरव, समीर कौरव, प्रदीप कौरव बगलई, सोनू, आदित्य कौरव, भानु प्रताप कौरव सिंहपुर छोटा, शालकराम कौरव सहित अन्य सदस्याओं द्वारा पशुओं के प्रति बनाई गई इस अनोखी पहल को अमलीजामा पहनाते हुये नगर में अलग अलग स्थानों पर छोटी छोटी टंकियों को रखने के साथ उनमें ठंडा पानी भरते हुये पशुओं की प्यास बुझाने की अनोखी पहल शुरू की गई है। क्योंकि इन दिनों सूरज की तेज तपन का आलम इस तरह देखा जा रहा है कि पारा उग्र होते हुये आग बरसाने की ओर पहुंचने में कोई कसर नही छोड़ रहा है जिसके चलते लोग अपने घरों में लुकने के लिये मजबूर होते चले जा रहे है तो ठंडक का अहसास पाने के लिये अनेक प्रकार के ठंडे द्रव्यों का सेवन करते हुये दिखाई देने लगे है। मगर इस स्थिति में शहर की सड़को पर घूमने वाले मूक पशुओं को अपनी प्यास बुझाने के लिये कोई सहारा नही होने के कारण इन बेजुवानों का सहारा कौरव सेवा समिति बन रही है। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा की गई पहल की जहां लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है तो दूसरी ओर आज तक शायद ही नगर में इन मूक पशुओं को लेकर किसी के दिलों में इस तरह की सोच पैदा हुई हो..? यह बात अलग है कि लोगों द्वारा जहां तहां ठंडे पानी के लिये फ्रिज से लेकर प्याऊ खुलबाते हुये अखबारों की सुर्खियों में छाने की कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर इन मूक पशुओं की सच्चाई को सभी लोगों द्वारा नजर अंदाज किया जाता रहा है। इस प्रकार नगर में लगातार दूसरे साल कौरव सेवा समिति द्वारा इन मूक पशुओं के प्यासे कंठों को ठंडक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में जब कौरव सेवा समिति के सदस्य राजेश पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि जब किसी व्यक्ति को प्यास लगती है तो वह महंगी से महंगी ठंडे पानी की बाटल खरीदकर अपनी प्यास बुझा लेता है। इसी तरह इन मूक पशुओं को भी इस समय पड़ रही गर्मी में प्यास लगती होगी। मगर इनकी ओर आज तक किसी ने ध्यान देना उचित ही नही समझा गया है। इसी बात को लेकर हमारी कौरव सेवा समिति द्वारा इन पशुओं को पानी पीने के लिये नगर में लगभग दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर छोटी छोटी टंकी रखते हुये उनमें पानी भरा जा रहा है। इसी प्रकार से राघवेन्द्र कौरव रहली वालों का कहना है कि नगर में पशुओं को पानी पीने के लिये एक मात्र शक्कर नदी ही है जहां पर पशु पहुंचकर पानी पीते है। मगर हर साल देखा जाता है कि गर्मी आने के पहले ही शक्कर नदी की धाराये समट जाती है और जो पानी शेष बचता है वह पीने लायक नही होने के कारण नगर में घूमने वाले पशु गंदी नालियों का पानी पीने के लिये मजबूर होते है। मगर आज तक किसी भी समाजसेवी संस्था द्वारा इन पशुओं की परेशानी की ओर कोई ध्यान नही दिया गया है। मगर हमारी कौरव सेवा समिति ने इन पशुओं को पानी पीने के लिये व्यवस्था कराते हुये नगर में अलग अलग स्थानों पर टंकी स्थापित की गई है। इसी प्रकार से संजय कौरव का कहना है कि लोग गर्मी के दिनों में अपने घरों में छोटे छोटे वर्तन लगाकर पक्षियों को पानी पिलाने के लिये रखते है। मगर सड़को पर बेजुबान घूमने वाले इन पशुओं को हर कोई नजर अंदाज कर देते है। क्योंकि नगर में इन पशुओं को पानी पीने का एक मात्र सहारा शक्कर नदी रहती है। मगर गर्मी के दिनों में वह सूख जाती जिसके चलते प्यास से व्याकुल होकर यह पशु सडको पर भ्रमण करते हुये देखे जाते है। चाहे तो नगर पालिका प्रशासन नगर में अलग अलग स्थानों पर नलकूपों के पास छोटी छोटी टंकी बनवा सकती है जिसमें यह पशु पानी पी सकते है। मगर प्रशासन इस तरह की कोई पहल नही किये जाने के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा इन पशुओं को गर्मी के दिनों में पानी पीने की व्यवस्था बनाई है। इसी प्रकार से ब्रजेश कौरव भमका वालों का कहना है कि लोगों को समाजसेवा के नाम पर बड़ी बड़ी बाते करते हुये तो देखा जाता है। मगर प्यासे घूमने वाले इन पशुओं के प्रति लोगों की विपरित सोच उनकी समाज सेवा पर प्रश्न लगाने से नही चूक पा रही है? इस तरह गर्मी के दिनों में सड़को पर प्यासे घूमने वाले इन मूक पशुओं को पानी पीने के लिये कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में अनेक जगहों पर टंकी रखी गई है। इन टंकियों में हमारी कौरव सेवा समिति के सदस्य प्रतिदिन पानी भरने का कार्य करेगे जिससे प्यासे पशु इनमें पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सके। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में पशुओं के प्रति छेड़ी गई यह मुहिम नगर ही नही संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ उन लोगों को आईना दिखाने से नही चूक रही है जो आये दिन समाजसेवा के नाम पर एक केला के साथ दो दर्जन लोग खड़े होकर फोटो निकलवाते हुये सोशल मीड़िया पर अपने आपकों सबसे बडे समाजसेवी साबित करने का प्रयास करने से नही चूकते है।

---

## गांव गांव किराना दुकानों की भांति विक्रय हो रही शराब की गिरफ्त में समा रही युवा पीढ़ी से बढ़ रहा अपराध का ग्राफ...?



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**। शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है? गौरतलब है कि शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है, लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में फिलहाल जो तीन शराब की दुकाने युवाओं को आकर्षित कर रही है उन्हें नगर सीमा से हटाया जाए और पुलिस बीरान जगहों पर खुलेआम हो रही शराबखोरी पर भी अंकुश लगाने की पहल करे जिससे नगर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## ट्रेनों में सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर यात्री



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ माँगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों चल रही गर्मी की छुट्टी सहित ट्रेनों के आभाव के महौल के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न कर सीट की जुगाड़ में लग जाते है। हालत यह है कि कभी रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। बताया जाता है कि कई रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटा प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

## रास्ता रोककर की मारपीट

**गाडरवारा**। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पनारी हाल नर्मदा कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह गाडरवारा में रहते हुये अपनी पढ़ाई कर रहा हे तथा बीते हुये दिवस जब वह अपने दोस्त अमन चौहान के साथ बाहुबलि होटल खाना खाने गया था तो जब खाना खाने के बाद वापिस आ रहा था उसी दौरान अन्ना कौरव नामक युवक द्वारा रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई इस तरह मारपीट किये जाने की बात को लेकर जब साथी अमन चौहान द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कही लोग अपने बच्चों की जिन्दगी खतरे में तो नहीं डाल रहे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**। अक्सर देखा जाता है कि रेल्वे स्टेशन पर जब कोई ट्रेन खड़ी होती है और लोग जल्दी निकलने के चक्कर में अपने बच्चों सहित ट्रेन के नीचे से निकलने लगते है या फिर वह उसके सामने से ही निकलने लगते है? कभी कभी स्थिति तो यह तक देखी जाते हे कि जब ट्रेन धीमी गति से निकलती है तो लोग अपने बच्चों के साथ उसके सामने निकलने से तक बाज नही आते है, वही स्टेशनों के इर्द गिर्द सामन बेचने वाले बच्चों को भी अक्सर देखा जाता है कि वह अपना समान जल्दी बेचने के चक्कर में जब ट्रेने खड़ी होती है तो दूसरी ओर से समान बेचने के चक्कर में अपनी जिन्दगी को पूर्णरूप से खतरे में डाल देते है। इस स्थिति में कभी भी कोई हदासा घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है? यदि गौर किया जावे तो मगर एक बार की उनकी यह गलती बच्चों की आदत में सदा बन जाती है, और यही गलती उन मासूम बच्चों की जिन्दगी के लिए एक दिन खतरा बन जाती है, मगर इसके लिए दोषी कौन होता है? इसके जिम्मेदार भी हम ही होते है, क्योंकि इस प्रकार की गलत आदते हमें ही डालते है, इस लिए सभी बच्चों के अभिभावकों को इस प्रकार गलत आदतों से बच्चों को रोकना जरूरी है।



### समस्याओं के मकड़जाल में उलझे ग्रामीण, शासन की योजनाएं कागजों तक

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका**। सरकारे की कितने ही दावे करे मगर नीचले स्तर की सच्चाई को नही ठुकराया जा सकता है? यह बात अलग है कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने के लिए भला करोड़ो रूपया पानी की तरह बहाया जा रहा हो मगर ग्रामीण क्षेत्रों की यदि सच्चाई पर जाया तो हकीकत कुछ और ही दिखाई दे रही है? क्षेत्रवासी आज भी अनेक समस्याओं से गुजर रहे है? क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायते वनों के बीच स्थित हैं जिनमें कु छ ग्राम ऐंसे हैं जहाँ आवागमन हेतु आज भी सड़के उपलब्ध नहीं हो पाइ हैं न ही ऐंसी ग्राम पंचायतो व ग्रामों का विकास ही हो रहा है? जिसके चलते अंधकार में डूबे गाँवों में जब कोई बीमार हो जाता है तो उसके इलाज के लिये ग्राम में कोई सुविधा तक उपलब्ध नहीं है? जहाँ से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया जा सके, प्रदेश में बीते वर्षो में गाँव-गाँव, घर-घर बिजली देने का अभियान चलाया गया था, जिसके तहत गरीब आदिवासियों को बिजली दी जानी थी। लेकिन उस अभियान के बाद भी क्षेत्र के ग्रामों में बिजली नहीं पहुँच पाई है लेकिन जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने शासन प्रशासन को गुमराह कर झूठी वाहवाही लूटी जिसका दुष्परिणाम आज भी क्षेत्र के गरीब आदिवासी भुगत रहे हैं। इन दिनों क्षेत्र में बिजली की बेजा कटौती हो रही है, बिजली के आने जाने का काई समय निर्धारित नहीं है,क्षेत्र की शालाओं में पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाएँ समय बेसमय आना जाना करना आम बात रहती है? जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता रहता है, मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारीगण जानते बूझते इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, बनाचंल के क्षेत्रवासी आज भी अभावों में जीवन गुजार रहे हैं

## नीम हकीमों की हुकूमत के आगे प्रशासन बना उदासीन, आम लोगों की जिन्दगी से हो रही खिलवाड़



**हरिभूमि न्यूज/ चीचली**। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों इन दिनों नीम-हकीम अनाड़ी थैला छाप चिकित्सकों की हुकूमत देखने को मिल रही है, जिनके द्वारा इलाज के नाम पर रोगियों के परिजनों से जमकर चांदी काटी जा रही है, यह पहला अवसर नहीं है कि जब इस संबंध में संबंधित विभाग का ध्यान न दिलाया गया है, इसके पूर्व भी ग्रामीणजनों से मिली शिकायतों के अनुसार जिला प्रशासन का ध्यान देने के लिए मांग की जा चुकी है, किन्तु ऐसे कथित चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही के नाम पर परिणाम सिफर ही साबित हुए हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ऐसे अनेक ग्रामीण अंचलों का जायजा लिया जावे तो निश्चित तौर पर एक गाँव में ऐसे आधे दर्जन से भी अधिक नीम हकीम थैला छाप चिकित्सक मिल जावेंगे जो अवैध रूप से अपना कारोबार संचालित करते हुए धड़ल्ले से अपनी दुकानदारी कर रहे हैं। उल्लेखानीय है कि जहां एक ओर एक ओर शासन द्वारा नगर में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु तो स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है मगर उसमें चिकित्सकों का आभाव के चलते लोगों को सभी लाभ नही मिलने का परिणाम है कि ग्रामीण अपनी बीमारी के चलते अपनी जान पर बन आते देख इन कथित नीम हकीमो से ही इलाज कराना पड़ता है? सूत्र बताते हैं कि गांव के गलियारों में चिकित्सा व्यवसाय करने वाले ऐसे दर्जनों नीम हकीम है जिनके पास चिकित्सा संबंधी डिग्री नहीं है, किन्तु कुछ तो ऐसे भी थैला छाप चिकित्सक हैं जो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के नाम पर एलोपैथिक चिकित्सा व्यवसाय करते देखे जा रहे हैं और उनके द्वारा किये जाने वाले इलाज से रोगियों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? जानकारी के अनुसार शहर के कुछ निजी नर्सिंग होमों में कम्पाउण्डर का काम करने वाले कर्मियों द्वारा भी गांव में अपना डॉक्टरी पेशा शुरू कर दिया गया है तथा रोगियों को हाई पावर दवाईयां देकर उनके जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से इस समय देखा जावे तो मौसम के विपरीत होने की स्थिति में जहां मरोजों का इजाफा हो रहा है, वही दूसरी ओर इन छोलाछाप डाक्टरों की चांदी हो रही है।

## छोटी से बात को लेकर पति ने पत्नी की कर दी पिटाई

**गाडरवारा**। अकसर देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर में देखने मिली। घटना के संबंध में नगर की साईधाम कालोनी निवासी एक महिला द्वारा अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुये पुलिस थाने में शिकायत की गई है कि जब उसने अपने पति अंकित साहू से बोला की चलो अपन सालीचौका चलते है वही रहेगे तो इसी बात को लेकर पति द्वारा प्रार्थिया के साथ गंदी गदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ी बच्चों को स्वल्पाहार वितरित कर सिखाए खेल के गुण



**डिंडौरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह ने आज कलेक्ट्रेट मैदान में समर कैंप के तहत खेल रहे बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किए। उन्होंने बच्चों को खेल गतिविधियों और खेल के दौरान सावधानी, कौशल, खेल प्रतिभाओं और खेल के लिए आवश्यक तकनीकियों की जानकारी दी। इस दौरान यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अहमद खान, खेल प्रशिक्षक चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### जिला प्रशासन के द्वारा पूर्व से संचालित सुविधा एक्सप्रेस का किया जाएगा विस्तार

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आईटीआई प्राचार्यों और सीएमओ की संयुक्त बैठक आयोजित की। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर परिषद के अधिकारी आईटीआई प्राचार्यों के साथ समन्वय बनाकर सुविधा एक्सप्रेस का संचालन करें। सुविधा एक्सप्रेस एक ऐसी पहल है जिसमें आईटीआई में दक्ष विद्यार्थियों को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में नगर परिषद के माध्यम से प्रशिक्षित होने का अवसर मिलेगा। आईटीआई की विभिन्न ट्रेड में कुशल छात्र अप्रेंटिसशिप के रूप में नगर परिषद के सहयोग से कार्य कर पाएंगे। नगर परिषद आमजनों की मूलभूत समस्याएं जैसे विद्युत कार्य, पेयजल कार्य आदि से इन कुशल छात्रों को अवगत कराएंगे। जो आमजनों की समस्याओं का निदान करेंगे। इस तरह आमजनों को सुलभ रूप से सुविधा प्राप्त होगी वहीं छात्रों को कार्य का अनुभव और मानदेय प्राप्त होगा। आईटीआई से युवाओं को कौशल विकास करने का अवसर मिलेगा। इस कार्य हेतु आवश्यक अर्हता विद्यार्थी की पहचान पत्र और उसकी यूनिफार्म होगी। सुविधा एक्सप्रेस के तहत छात्र और छात्राओं को सामान्य रूप से अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने आईटीआई प्राचार्यों और नगर परिषद अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सुविधा एक्सप्रेस के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को आसानी से निपटा सकते हैं।

### रेवा कैंपो का आयोजन शनिवार को किया जाएगा

**डिंडौरी।** रेवा कैंप का आयोजन 18 मई शनिवार के दिन जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा उक्त कैंपो के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत है। कैंप का आयोजन महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के द्वारा किया जाएगा। 18 मई को वार्ड नं. 11 यात्रा प्रतीक्षालय बस स्टैण्ड डिंडौरी, ग्राम पंचायत दुनिया बघाड़ ग्राम पंचायत रामगुड़ा डिंडौरी, वार्ड नं. 3 मानस भवन शहपुरा, ग्राम पंचायत भिलाई माल शहपुरा, ग्राम पंचायत ग्राम दिवारी ग्राम पंचायत कमको मोहनिया जनपद पंचायत अमरपुर, ग्राम बोना ग्राम पंचायत पिपरिया जनपद पंचायत बजाग, ग्राम पंचायत पंड़रीपानी जनपद पंचायत करंजिया, ग्राम ताला ग्राम पंचायत भलवारा जनपद पंचायत मेंहदवानी, ग्राम पंचायत धुरकुटा जनपद पंचायत समनापुर में आयोजित किए जाएंगे।

### 4 माह से अधिक समय से लापता श्यामलाल कोल का नहीं मिल रहा सुराग

**अनूपपुर।** जिले की चचाई थाना अंतर्गत लेबर कॉलोनी बरगवां अमलई निवासी 40 वर्षीय बतीबाई कोल पति श्यामलाल कोल ने तीसरी बार पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के समक्ष अपने परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात कर चार माह से अधिक समय से लापता पति की तलाश कोतमा पुलिस द्वारा नहीं किए जाने से परेशान होना बताते हुए पुनः पत्र सौपा है ।

---

### जिला मुख्यालय में संचालित पेट्रोल पंपों में नहीं हैं बुनियादी सुविधाएं

# उपभोक्ताओं को हवा, पानी और शौचालय की नहीं मिलती है सुविधाएं

**पेट्रोल पम्प संचालित किए जाने हेतु अनुबंधित रहती हैं जनसुविधाएं**

इन दिनों जिला मुख्यालय में संचालित पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा शासन के नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कारण यह है कि पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को हवा, पानी एवं शौचालय दिए जाने की शर्त पर लाइसेंस जारी किया जाता है लेकिन मनमानी तरीके से उक्त सुविधाएं देना तो दूर कभी वाहनों में हवा भरने की सुविधा ही खराब है तो कभी वाटर कूलर गड़बड़ रहता है वहीं तमाम पेट्रोल पम्पो में शौचालय में ताला ही लटकता रहता है। इस संबंध में यदि उपभोक्ता के द्वारा पेट्रोल पंप के मैनेजर या उनके पंप चालक से कहा जाता है तो वह कोई सकारात्मक जवाब नहीं देते हैं। इतना ही नहीं संबंधित विभाग के अधिकारी भी कई बार औचक निरीक्षण करने के बाद







महज औपचारिक तौर पर रस्मअदायगी कर कोरम पूरा करते है और पंप मालिकों से मोटी रकम लेकर सभी सुविधाओं का प्रमाणीकरण कर चले जाते है। जनचर्चा के मुताबिक कई उपभोक्ताओं ने तो यहां तक बताया कि यदि सुविधाओं की बात कही जाती है तो पंप में कार्यरत कर्मचारी विवाद करने की स्थिति में उतर आते है। कारण यह है कि हवा के लिए बनाया गए शेड पर यदि दोपहिया वाहन या चार पहिया वाहन खड़ा किया जाए तो बिना कारण के ही खराब होने का नाटक बता दिया जाता है। इसी तरह पेट्रोल पम्पो में लगे वाटर कूलर भी गर्मी के इस मौसम में जहां त्राहि त्राहि मची है, वहां पर पेयजल की सुविधा न मिलना समझ से परे है। कई बार उपभोक्ताओं ने शौचालय एवं बाथरूम के संबंध में बातचीत की तो यह कहा गया कि गंदा हो जाता है इस कारण ताला लगा कर रखा गया है। पंप चालकों के द्वारा आम उपभोक्ता को जिन सुविधाओं का लाभ दिया जाना चाहिए वह क्यों नही दिया जा रहा है। आखिरकार ऐसा क्यों किया जा रहा है यह सोचनीय विषय है। क्या संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी इस ओर ध्यान देकर उपभोक्ताओं को सुविधा का लाभ क्या दिला पायेंगे..?

---

# जेसीबी मशीन से सरेआम हो रहा मिट्टी का अवैध खनन




हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

शहपुरा क्षेत्र में मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है। डिंडोरी जिला के शहपुरा तहसील क्षेत्र के कस्बा ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में खनन माफिया पुलिस की मिलीभगत से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है।शहपुरा क्षेत्र में लगातार पिछले कई दिनों से मिट्टी का अवैध रूप से जेसीबी मशीन के द्वारा खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनदहाड़े जेबीसी मशीन से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टरों की ट्रॉली में भरकर400- 500 रुपये प्रति ट्रॉली की दर से बेची जा रही है। जिससे राजस्व विभाग को हजारों रुपये की क्षति हो रही है। माफिया रातों रात मिट्टी का खनन करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन माफिया के पास मिट्टी उठाने का कोई भी परमिट नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि शहपुरा थाना क्षेत्र में चाहे वह बरखेड़ा गुरैया मार्ग हो या फिर डोभी कछारी मार्ग हो जहां पर दिन रात शहपुरा क्षेत्र के चारों ओर मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर होता देखा जा सकता है। बिना किसी रोक टोक के माफियाओं द्वारा अवैध खनन करके मिट्टी बेचने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है।

---

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ने आईटीआई प्राचार्यों की बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आईटीआई के आगामी सत्र के संबंध में प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया। उन्होंने वर्तमान सत्र में चल रहे नामांकन की स्थिति का जायजा लिया। प्राचार्यों द्वारा आईटीआई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डिंडौरी और शहपुरा के शासकीय आईटीआई कॉलेजों में छः ट्रेड के लिए एडमिशन प्रक्रिया प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। दोनों कॉलेजों में विद्यार्थियों द्वारा एडमिशन लिए जा रहे हैं जिसमें अलग-अलग ट्रेडों की अर्हता भिन्न हैं। प्राचार्यों ने बताया कि आगामी सत्र से शासकीय आईटीआई कॉलेज करंजिया में इलेक्ट्रीशियन की 20 सीट, शासकीय आईटीआई कॉलेज मेंहदवानी में कम्प्यूटर ट्रेड कोपा की 24 सीट, शासकीय आईटीआई समनापुर में ड्रेस मेकिंग ट्रेड की 20 सीटें, शासकीय आईटीआई अमरपुर में सोलर तकनीशियन की 20 सीट, शासकीय आईटीआई बजाग में




फिटर ट्रेड की 20 सीटों पर एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें भविष्य के बारे में स्पष्टता नहीं है उनके लिए आईटीआई से होने वाले लाभों को निचले स्तर तक पहुंचाए। जिससे कि उन्हें एक बेहतर भविष्य मिल सके। कलेक्टर ने इस कार्य हेतु जन अभियान परिषद और पेसा मोबेलाइजर को निर्देशित किया कि वे निचले स्तर में जाकर आईटीआई के महत्व को विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने कहा कि आईटीआई कौशल क्षमता प्रदर्शित करने का एक माध्यम है इसलिए विद्यार्थियों के सृजनात्मक प्रतिभा को बाहर निकालने का प्रयास करें। कलेक्टर ने आईटीआई कॉलेजों में प्रयोगशाला में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक से संबंधित भ्रमण करवाएं जिससे उनकी अभिक्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धा के माध्यम से कौशल बढ़ाने का प्रयास करें। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को 15 अगस्त के दिन जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर ने आईटीआई के बाद मिलने वाले रोजगार अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया जिससे उनके भविष्य की राह आसान हो सके। उक्त बैठक में एडीएम सरोधन सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, शासकीय आईटीआई के प्राचार्य और ट्रेनर उपस्थित रहे।

---

# वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**शिविर में 89 वाहन चालकों को मिला स्वास्थ्य लाभ**

अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार के निर्देशन में बुधवार 15 मई को यातायात पुलिस कार्यालय में वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ए.के. अवधिया तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.पी. सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम.एस.) डॉक्टर जनक सारीवान द्वारा 89 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया तथा नेत्र कैसे स्वस्थ रखें उसकी सलाह भी दी गई।



इसके साथ ही सभी वाहन चालकों के बीपी एवं ब्लड शुगर की जांच की गई एवं आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में वाहन चालकों को बीपी एवं शुगर को मेंटेन रखने के लिए आवश्यक सलाह दी गई, जिससे नेत्र में कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

---

# फर्जी तरीके से जमीन हड़प दुकान में किया कब्जा, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

**नगर पालिका के कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप**

अनूपपुर।

जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद अनूपपुर मे दुकान में कब्जा किये राजेश सिंह के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाये जाने के संबंध मे वार्ड क्रमांक 5 सामतपुर निवासी श्रेयांशी गुप्ता पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कलेक्टर सहित कोतवाली अनूपपुर व नगर पालिका को शिकायत कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। श्रेयांसी गुप्ता ने शिकायत कर बताया कि उसके द्वारा नगर पालिका अनूपपुर मे टैक्स जमा करने हेतु आवेदन किया गया है कि स्व.शारदा प्रसाद गुप्ता के नाम खसरा नं. 413/1 मे भवन निर्माण हेतु अनुमति एवं नक्शा पास वर्ष 2000 में किया गया था लेकिन श्रेयांसी गुप्ता टैक्स जमा करने के




लिए गौरव सिंह के पास गई तो गौरव सिंह द्वारा कहा गया कि यह सम्पति राजेश सिंह पिता जयकरण सिंह निवासी वार्ड नंबर 13 बस्ती रोड पेट्रोल पम्प के पीछे अनूपपुर के नाम रिकार्ड दर्ज है इसलिए यह सम्पति का संपत्ति कर नहीं जमा किया जा सकता। इस षडयंत्र में राकेश पाण्डेय गौरव सिंह एवं रमेश नापित द्वारा कूटरचित तरीके से पैसा रिश्वत लेकर के राजेश सिंह पिता जयकरण सिंह के नाम दस्तावेज तैयार कर के गोपनीय ढंग से यह कार्य कर दिया गया है। श्रेयांसी गुप्ता ने कहा कि नाबालिग लड़की दर-दर की ठोकरे खा रही हूं और मेरे दुकान पर जबरदस्ती एवं गुंडागर्दी के दम पर राजेश सिंह पिता जयकरण द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है तथा दुकान खाली नहीं की जा रही है। मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मेरी बुआ ने जानकारी मे बताया कि तय किराये के अनुसार मौखिक तौर पर दो हजार रुपए के हिसाब से 23 वर्ष 5 माह का किराया शेष है, जिसकी राशि 562000 है जो आज तक 281 माह हो चुके है जिसकी राषि पांच लाख बासठ हजार रुपए दिलाए जाने एवं दुकान खाली कराने की मांग की है। जिससे गरीब, अनाथ नाबालिग लड़की का भरण पोषण हो सके। अगर दुकान खाली हो गयी तो मेरे माता जी द्वारा दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण किया जा सकेगा। किराया निर्धारण में अगर को विसंगति हो तो पीडब्ल्यूडी डिर्पाटमेट अनूपपुर के इंजीनियरो से जांच कराया जा सकता है।

---

# थमने का नाम नहीं ले रहा नगर में चोरी का सिलसिला

## इस बार शारदा काली माता मंदिर को बनाया निशाना

कोतमा।

नगर में कई प्रकार के अवैध व्यवसाय का धंधा जोरों पर चल रहा है जिसके कारण लगातार अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। आलम यह है कि कहीं दुकानों के ताले टूट रहे हैं तो कहीं मोटरसाइकिल पर हो रही है। ज्यादातर चोरी के मामले में तो पुलिस प्रकरण अधिक दर्ज नहीं करती। करती भी है तो वह फाइलों में दफन होकर रह जाती है। पूर्व की चोरियों का पुलिस खुलासा नहीं कर पाती की फिर नगर में कोई ना कोई चोरी की घटना घटी हो जाती है। गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ला में घर के सामने से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल को दिनदहाड़े चोरों ने चोरी कर लिया। लेकिन पुलिस अब तक मोटरसाइकिल चोर को पकड़ नहीं पाएगी नगर के बाजार एरिया में स्थित शारदा काली माता मंदिर में 15 16 मई की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के अंदर का दरवाजे का ताला तोड़कर मंदिर में रखी दान पेटी का ताला तोड़ते हुए नगदी रुपए एवं चिल्लर चोरी कर ले गए।

### सुबह हुई जानकारी

16 मई की सुबह लगभग 5:30 बजे मंदिर का पंडा चंदन बढौलिया जब मंदिर का में गेट का ताला खोलकर मंदिर के अंदर गया और साइड वाला माता रानी का दरवाजा खोलने लगा तो जमीन में कुछ पड़ा हुआ नजर आया मंदिर के अंदर जब जहां माता रानी विराजमान है वहां गया और देखा कि दान पेटी का ताला टूटा हुआ है दान पेटी के अंदर नगदी एवं चिल्लर पैसे गायब है। माता रानी का पहना हुआ बस्त्र अस्त व्यस्त था। तत्काल ही मंदिर के पंडा ने इसकी जानकारी मंदिर समिति के लोगों को दी और उसके बाद डायल 100 को फोन कर मंदिर में चोरी होने की सूचना दी।

### मौके पर पहुंची पुलिस

शारदा काली माता मंदिर में चोरी होने की सूचना पर मौके पर डायल हंड्रेड पुलिस पहुंच गई और मंदिर परिसर का मुआयना करते हुए। मंदिर के पंडा को थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत करने की बात कही। शारदा काली माता मंदिर में चार माह पूर्व अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देते हुए माता रानी की सोने की आंख बिंदी एवं दान पेटी से नगदी रुपए चिल्लर पैसे तथा मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे को छति पहुंचाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन आज तक पुलिस उसे चोरी का भी खुलासा करने में असफल नजर आई।

---

### तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला

**अनूपपुर।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर के निर्देशन में जिले के पर्यटन विकास पर कार्य किया जा रहा है। जिले के युवाओं को पर्यटन स्थलों के संरक्षण और पर्यटन से रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराए जाने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यशाला एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीएटीसीसी की टीम ने शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत की उपस्थिति में आर्ट्स संकाय के छात्र-छात्राओं से पर्यटन जागरूकता संवाद पर चर्चा कीं। पर्यटन प्रबंधक अजय अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिले के सभी मुख्य पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। और साथ ही सम्पूर्ण जिले में उपलब्ध पुरातात्विक महत्त्व की वस्तुओं, मूर्तियों, मंदिरों और अन्य स्थलों के संरक्षण और आदर्श पर्यटक आचरण को अपनाने का अनुरोध किया। संवाद के दौरान जब छात्रों को प्राचार्य द्वारा पर्यटन से रोजगार की संभावनाओं की जानकारी मिली तो सभी रोमांचित हो उठे और अपने आस पड़ोस के छोटे बड़े दर्शनीय स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार और संरक्षण का संकल्प किया कार्यशाला संयोजक असि. प्रोफेसर सुश्री पूनम धांडे, असि. प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, व्याख्याता डॉ. तरन्नुम सरावत, अति. व्याख्याता संजीव द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह के निज निवास पर श्रीमद्भागवत कथा जारी



**नरसिंहपुर।** स्वर्गीय मणिनागेन्द्र सिंह मोनू भैया की स्मृति में निज निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा मूल पाठ के तीसरे दिवस कथावाचक पंडित जितेंद्र चौबे जीयुगल किसोर तिवारी,पं राजेंद्र चौबे पं आशीष तिवारी, अर्थव चौबे जी महाराज ने पूर्ण विधिविधान मंत्रौच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन करने के पश्चात श्रद्धालु बंधुओं को संबोधित करते हुए भगवान प्रहलाद चरित्र गाजाग्रह बारे में दृष्टांत के माध्यम से श्रद्धालु बंधुओं को समझाया तत्पश्चात महाराज श्रियों ने कहा कि भगवान गोपियों के यहां माखन की चोरी कर उन्हें सुख प्रदान किया करते थे। गोपियों की समस्त कामनाएं पूरी किया करते थे भगवान ने गोपियों के चित के साथ पापों की चोरी की ऊखल बंधन लीला चारण लीला कर ब्रह्मा जी के मोह को दूर किया गोपी चीर हरण एवं गोवर्धन भगवान की कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। समस्त श्रद्धालु बंधुओं से धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील यजमान जालम सिंह पटेल - श्रीमति सुमनलता पटेल, मुलायम सिंह पटेल- श्रीमति यशोदाबाई पटेल, प्रहलाद सिंह पटेल- श्रीमति पुष्पलता पटेल,सरदार सिंह पटेल - श्रीमति कल्पभालता पटेल युवा समाजसेवी प्रबल सिंह पटेल ने की है।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवर

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगली क्षेत्रों में जानवर फसलों को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचा रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी ग्राम मर्रावन खकरैडी ब्रम्हनी इमलिया मौआखेडा,ढिलवार, जामनपानी भौंरपानी, खमरिया बरांझ रम्पुरा पीपरवानी घुघरी सिंगोटा बिलगुवां कुकवारा सहित विभिन्न ग्रामों में रात्रि के समय पहाड़ी क्षेत्रों से जंगली जानवर हिरन नीलगाय, सुअर, गन्ना और मूंग फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषकों का कहना है कि जंगली सुअरों के झुंड के झुंड गन्ना खेतों में सीधे घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### आई टी आई मे प्रवेश प्रारंभ

**तेंदूखेड़ा-** तेंदूखेड़ा मे संचालित शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मे वर्ष 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 20 मई रखी गई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष कोपा विषय के लिये 48 सीटें तथा इलेक्ट्रीशियन के लिये 20 सीटें निर्धारित की गईं है। प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन एम पी ऑनलाइन के माध्यम से कर सकते है जिसमें 10 वीं कक्षा की अंकसूचि जाति प्रमाण पत्र आधार कार्ड आय प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज के फोटो मूलनिवासी प्रमाण पत्र समग्र आइडी तथा बैंक पासबुक की फोटो कॉपी होना नितांत आवश्यक है। अधिक जानकारी हेतु संस्था मे जाकर संपर्क कर प्रवेश लिया जा सकता है।

### 43 हाजियों यात्रियों का हुआ वैक्सीनेशन



**नरसिंहपुर ।** जिले से हज को जाने वाले हाजियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला अस्पताल में शिविर लगाकर 43 हाजियों का वैक्सीनेशन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न हिस्सों से हज पर जाने वाले यात्रियों और उनके परिजनों की भीड़ जुटी थी। माता और पिता के साथ हज को जाने वाली परवीन बानो ने बताया कि उनके साथ कुल 43 हाजियों का वैक्सीनेशन हुआ है जिनमें से 30 पुरुष है और बाकी 13 महिलाएं हैं। परवीन ने कहा कि यहां गवर्नमेंट ने वैक्सीनेशन के लिए अच्छा इंतजाम किया है।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मनमानी जारी

# सर्टिफिकेट जारी करने में किया बड़ा फर्जीवाड़ा

**जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही हैं जबकि जिले में दो- दो कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद भी नरसिंहपुर जिले मैं पूर्ण तरीके से अफसर शाही हावी है यह कहना गलत नहीं होगा**




**नरसिंहपुर ।**

जिले में जब अधिकारियों को कैबिनेट मंत्रियों का डर नही हैं और अधिकारी अपने तरीके से काम करने के साथ-साथ अपनी मनमर्जी पर उतारू है मामला इस प्रकार है कि विगत 2 माह पूर्व गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीवीएमओ पद पर पदस्थ डॉक्टर एस एस धुर्वे के खिलाफ एक शिकाय समाजसेवी राजेंद्र शुक्ला द्वारा की गई थी जिसमें उल्लेखित कर बताया गया कि असत्य 10 सर्टिफिकेट जारी करने में शिकायत ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गोटेगांव डॉक्टर एस एस धुर्वे द्वारा कर्मचारियों से पैसे लेकर असत्य 10 जारी किये हैं उक्त कृत्य सिविल सेवा अधिनियम के विरुद्ध है। जिसके कारण आयकर कोषालय एवं राष्ट्रीय कोषालय को नुकसान पहुंचाने का काम उनके द्वारा किया जा चुका है इनके द्वारा भारी मात्रा में कर्मचारियों को असत्य 10 जारी किए गए हैं उनकी मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कराई जावे एवं 10 सर्टिफिकेट जारी किये वह कर्मचारियों ने वित्तीय वर्ष 2023 24 में आयकर रिटर्न में संलग्न कर चुके हैं। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ राकेश बोहरे का कहना है की जांच जारी है लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर यह तीन से चार माह बीत जाने के बाद किस तरह की जांच की जा रही है जो की शिकायत होने के बावजूद भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गोटेगांव डॉक्टर एस एस धुर्वे को अब तक किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया और ना ही किसी प्रकार की कार्यवाही सामने आई और जो जांच की कह रहे हैं उस जांच का अब तक क्या स्टेट्स है इस तरह से जिला स्वास्थ्य अधिकारी का यह औपचारिक वक्तव्य देना सवालिया निशान खड़े करता है। इस तरह की औपचारिक वक्तव्य आने से कहीं ना कहीं जिला अधिकारी की मेहरबानी गोटेगांव में पदस्थ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एस एस धुर्वे पर नजर आती है। और यह अधिकारी सत्ताधारी केबिनेट मंत्री विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को आइना दिखा रहे हैं। और अपनी मनमर्जी के साथ-साथ अपने ढंग से कार्य कर रहे इन्हें किसी प्रकार के सत्ता शासन का डर नहीं है बेखौफ होकर वह अपने इनलीगल कार्य को अपने तरीके से करने में जुटे हुए हैं एवं अपने दायित्वों का ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कार्य नहीं कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टर एस एस धुर्वे बीएमओ का पद संपादन कर रहे हैं।

## पुलिस ने अंधी हत्या का किया पर्दाफाश



**नरसिंहपुर।**

गत दिवस फरियादी राहुल द्वारा सूचना दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति की लाश नारायण नेमा की कालोनी के पीछे मोती नाला रामवार्ड में पड़ी है उक्त सूचना पर रवाना होकर तस्दीक की जिसमें पाया गया कि शव करीन 02-03 दिन पुराना है तथा क्षत विक्षिप्त हालात में है अज्ञात शव की पहचान नही होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्र 398/24 धारा 302, 201 भादवि का कायम कर विवेचना प्रारंभ की गयी। प्रकरण की विवेचना के दौरान अज्ञात शव को पहचानने हेतु सूचनाकर्ताओं को सक्रीय किये गये तथा घटना क्रम को समझने के लिये घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज बारिकी से चैक किये गये तथा आसपास के संभावित स्थानों पर गहन पूछताछ की गयी सीसीटीव्ही फुटेज को देखन के दौरान पाया गया कि उक्त मृतक के हुलिया का व्यक्ति बस स्टैंड की शराब की दुकान के पास पाया गया तथा पास में ही एक व्यवसायी के दुकान के पास आरोपीगण मृतक को अपने साथ ले जाते हुए दिखायी हुए। उक्त उचित संदेह व हुलिया के आधार पर आसपास के लोगों से पूछताछ कर पतारसी करने पर पाया गया कि उक्त घटना दो विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों द्वारा की गयी है उक्त मृतक द्वारा एक विधि का उलंलंघन करने वाले वालक को पत्थर मार दिया था जिस पर से बालक ने अपने अन्य साथी के साथ पत्थर से मृतक के साथ मारपीट की जिससे मृतक की मृत्यु हो गयी तथा बाद में शव को नाले में फेंक दिया। उक्त कार्वबाई में करेली पुलिस का विशेष योगदान रहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा उक्त टीम को पुरस्कृत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## विद्युत पेंशनरों का क्षेत्रीय सम्मेलन सम्पन्न



**नरसिंहपुर।**

स्थापना दिवस पर बुजुर्ग पेंशनरों का सम्मान एवं सम्मेलन कार्यक्रम मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन नरसिंहपुर शाखा का क्षेत्रीय सम्मेलन प्रांतीय महासचिव एलपी अग्रवाल जबलपुर की अध्यक्षता एवं अजय शर्मा, वीके जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आईडी पटले बालाघाट, पीपी मिश्रा मुरैना शाखा के अध्यक्ष, एस के चतुर्वेदी पेंशनर समाज, पीके चौकसे सिवनी आदि थे ,सम्मेलन में पेंशनरों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई निकट भविष्य में किसी बड़े आंदोलन को आयोजित करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। सभा को बीएस पटेल, एसएल रघुवंशी, हरप्रसाद कहार, सुभाष दुबे, जेके सोनी, जीएस पटेल एसके कुर्मी आदि पेंशनरों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों का शाल, श्रीफल ,माला आदि से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एस एन दुबे , ए एल मेहरा, कारेलाल राजपूत , एम एल ऊमरे, एन जॉन मोसेस , अमोल सिंह सोनी, तेजीलाल प्रजापति, गणेश प्रसाद पाराशर ,जीवनलाल झरिया, विजय नेमा,राजकुमार नेमा,संत कुमार शर्मा ,राजेंद्र सिंह बक्शी, पी एल यादव , के वी केसरी, अशोक श्रीवास्तव, पन्नालाल, नरेंद्र श्रीवास्तव , डब्बल सिंह पटेल, अमर सिंह चौधरी, चेतराम नोरिया , जीपी व्यास ,मोहन उमरे, गोटेगांव, करेली, बरमान, आमगांव, करकबेल आदि स्थानों से आए पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणेश कुमार चतुर्वेदी एवं आभार अरुण खरे द्वारा किया गया

## पक्षियों के लिए टांगे सकोरे

**नरसिंहपुर।**




गत दिवस स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की प्राचार्य डॉ.ममता शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा एवं छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.ज्योत्स्ना झारिया एवं डॉ.जी.एस.मार्सकोले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी पीने की व्यवस्था एवं गर्मी से राहत हेतु महाविद्यालय की वाटिका एवं महाविद्यालय परिसर के विभिन्न भागों में दर्जन भर सकोरे टांगे गए। इस पुण्य कार्य में प्रो.सुधा शाक्य, डॉ नरेश नेमा, डॉ.तकल्लुम खान एवं स्वयंसेवकों में दलनायिका शिखा वर्मा, सह दलनायिका राशिका चौरसिया, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, सुजीता वर्मा, निशा लोधी, नेहा चौधरी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बीएमओ पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**नरसिंहपुर।**



जिले के गोटेगांव में एएनएम कार्यकर्ताओं ने विधायक महेंद्र नागेश के साले मोबेलाइजर देवेंद्र मेहरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि विधायक के साले देवेंद्र मेहरा हमें नौकरी से निकलवाने की धमकी देते हैं।

बुधवार को सैकड़ो की संख्या में एएनएम पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल को ज्ञापन देने पहुंची एएनएम कार्यकर्ताओं ने मानसिक और आंशिक रूप से सीबीएमओ डॉक्टर धुर्वे और गोटेगांव विधायक के साले मोबेलाइजर देवेंद्र मेहरा पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। एएनएम प्रतिमा राय ने बताया कि समस्त कर्मचारियों को आए दिन बीएमओ के कहने पर विधायक के साले देवेंद्र मेहरा के द्वारा अस्पताल में गाली गलौज की जा रही है। उन्होंने बताया कि गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश के साले देवेंद्र मेहरा ने भी उनको 15 दिनों के बाद सर्विस से निकालने की धमकी दी है कहा है कि नया स्टाफ लेकर आऊंगा। मुझे मालूम है कि कैसे काम करवाना है।

### इनका कहना है

मैं सुबह टीएल मैं था अभी भी मीटिंग में हूं बीसी चल रही है अभी मुझे उसे मामले में पूरी डिटेल जानकारी नहीं है, जानकारी होने के बाद बात करता हूं।

**डॉ. राकेश बोहरे, सीएमएचओ**

मेरी झूठी शिकायत की गई है मुझे फसाया जा रहा है

देवेंद्र मेहरा, मोबेलाइजर

मेरे पास अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है, अगर शिकायत आएगी तो मैं उसकी जांच करवा कर कार्रवाई करवाऊंगा।

**महेंद्र नागेश, विधायक गोटेगांव**

## सड़ांध मारने लगा घोघरा नाले का पानी, उद्धार की निहार रहा बाट



**तेंदूखेड़ा-** एक तरफ जहां जल संरचनाओं को बढ़ावा देने के साथ जल संरक्षण की दिशा में पुराने जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने स्थानीय नदी नालों तालाबों के जीर्णोद्धार के प्रयास शासन स्तर पर तो खूब किये गये लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा इस विषय को गंभीरता से ना लेने के साथ उचित क्रियान्वयन ना होने की स्थिति में सुधार की दिशा में कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल सके हैं। तेंदूखेड़ा मुख्यालय में एक मात्र घोघरा नाला जो कि समीप की पहाड़ियों से निकला हुआ है।जो आज अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई स्वयं लड़ते हुए अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि इस नाले में लोगों ने अपने अपने घरों के निस्तार का पानी और सार्वजनिक नालियों का पानी भी इसी नाले में डालने के कारण नाले का पानी सड़ांध ही मारने लगा है। इस नाले के उद्धार को लेकर लगभग डेढ़ दशक पूर्व प्रयास तो खूब हुये लेकिन कागजों तक ही सीमित रहने के कारण इसका वास्तविक स्वरूप नहीं बदल पाया।

### नाले में फेंका जाता है घरों का कचरा

लोगों की लापरवाही कहें या जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति निष्क्रियता या प्रशासनिक अक्षमता घरों से निकलने वाला कूड़ा कचड़ा साफ सफाई करके सीधे इस नाले में ही डालने के कारण इसका स्वरूप और पानी खराब होने के कारण लोगों ने ध्यान देना ही बंद कर दिया।इस नाले में मिलने वाले एक और स्थानीय नाला जो ऊपर मंडी तरफ से पाल मुहल्ला होते हुए हिंदी स्कूल के पीछे तरफ से जाकर सीधे इस घोघरा नाले में मिलता है, में घरों का कचड़ा लोग सीधे फेंक दिया करते है। जिससे गंदगी और मच्छर दोनों ही पनपते हैं।

### कंटेनरों में नहीं डालते कचड़ा

स्वच्छता अभियान के तहत नगर में साफ सफाई के साथ जगह जगह कंटेनर भी रखे गये हैं।साथ ही दिन में दो बार कचड़ा बाहन भी विभिन्न वार्डों में कचड़ा संग्रहण हेतु निकलते भी हैं। लेकिन अभी भी कुछ लोगों में जागृति का अभाव कहें या निष्क्रियता मानें घरों की साफ सफाई का कचड़ा पालीथिन में भरकर नालियों में फेंकने या फिर कंटेनरों में ना डालकर नीचे डाल देने से गंदगी फैलाने वाले जानवरों द्वारा उसे भी फैला दिये जाने से गंदगी को बढ़ा दिया जाता है।समय समय पर स्वच्छता अभियान को निकलने वाली जन जागरण रैलियां भी इनके सामने बेअसर नजर आ रही है।

### जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में नहीं हो रही सार्थक पहल

क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग के साथ बरसात के बहते हुए पानी को रोककर बाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत शोक पिट गड्ढों में पानी डालने सहित विभिन्न प्रकार के प्रयोग और प्रयासों को जनमानस के बीच रखा तो गया लेकिन जब से तेंदूखेड़ा में नर्मदा जल आना प्रारंभ हुआ है तब से लोग निश्चिंत से हो गये हैं। जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कोई सार्थक पहल ही नहीं देखने मिल रही है। नर्मदा नदी से आने वाले पानी का दोहन जरुर जमकर हो रहा है, हजारों लीटर पानी बाहन धोनें या फालतू बहा दिया जाता है लेकिन जिस नर्मदा से पानी लाया जाता है उसमें भी पानी बढ़ाने की दिशा में कोई हाथ आगे आते नहीं दिखाई देते हैं। पुराने जल स्त्रोत लगभग अवशेष मात्र ही दिखने लगें हैं। कुछ समय पूर्व इन्हें पुर्नजीवित करने की दिशा में पहल की गई थी लेकिन बाद में वह भी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पाई।

### नाले को सुंदर स्वरूप देने की जरूरत

ऊपर पहाड़ी तरफ से निकलकर आये इस घोघरा नाले को ऊपर से लेकर नीचे तक सुंदर स्वरूप देने के लिए किसी बड़ी योजना की जरूरत है।जिसकी साफ सफाई करके इसे सुंदर स्वरूप दिया जा सकता है।इस नाले में वर्ष भर पानी रहने के साथ जहां आस पास क्षेत्रों के हैंडपंपों में पानी मिलेगा जमीनी जल स्तर भी बढ़ सकेंगा। मवेशियों को भी पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। गंदगी भी खत्म हो सकेगी लोगों का भी रुझान बढ़ेगा।